




# जहरीली शराब से मौतों पर सियासी घमासान

## उप मुख्यमंत्रीद्वय जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल ने बैठक कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी पहुंचे बंडा



नवभारत न्यूज

**सागर/बंडा 7 सितंबर. जिले के बंडा विधानसभा क्षेत्र में जहरीली अवैध शराब के सेवन से मृत दो दर्जन से अधिक लोगों के परिजनों से उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल के अलाव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज सोमवार को आधा दर्जन से अधिक गांव में पहुंचे और पीड़ित परिवारों से भेंट की.**

मालूम हो कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात्रि में बंडा क्षेत्र के नौराज, बमूरा, चौका, गूगर, खटोरा, भेड़ा, हनौता, छापरी, पाटन, दलपतपुरा, पापेट आदि से अमानक शराब से पीड़ित 100 से अधिक लोग अस्पताल पहुंचने लगे. उल्टी और सिर दर्द के साथ बुखार की शिकायत पर अस्पतालों में भर्ती हुए रविवार की सुबह तो एक दर्जन लोगों ने दम तोड़ दिया जिसमें कुछ युवा और कुछ बुर्जुग शामिल रहे. शाम होते-होते आंकड़ा दो अंकों में पहुंच गया था. श्री पटवारी शराब त्रासदी से प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर मृतकों के परिवार जनों को ठांठस बँधाया. इस दौरान ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा, पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी, नारायण प्रजापति, अभिषेक गौर, राहुल शर्मा, महेश जाटव, सुरेंद्र चौधरी, रेखा चौधरी गुड्डू राजा, डॉ आनंद अहिरवार, सुनील जैन, सुरेंद्र सुहाने, नीरज शर्मा, आशीष ज्योतिषी,रिचा सिंह, राजकुमार पचौरी, रामजी दुबे, मुकुल पुरोहित, ज्योति पटेल, भूपेंद्र सिंह सिंगदौनी, रमाकांत यादव, सतीश यादव,ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राजपूत, नितिन बाजपेयी,धामोनी ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह लोधी, शाहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष श्रीराम यादव, श्रीकांत सराफ, योगेंद्र सिंह लोधी, दीपक प्रजापति, लक्ष्मण सिंह, नारायण खान,जितेंद्र मिश्रा, अक्षय दुबे, अमर गुप्ता, प्रभांशु करोसिया, संजय रोहिदास, आसिफ खान,अनुज रावत काटी, केके रावत, मुकेश जैन, प्रदीप सोनी, शाहिल खटीक मौजूद थे.

### बंडा-विनायका से 14 आरोपी गिरफ्तार, शराब जब्त



**सागर.** थाना बंडा एवं थाना विनायका पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कुल 1249 पाव देशी लाल मसाला सागर गोल्ड कंपनी की शराब बरामद की है, जिसकी कुल मात्रा 225.12 लीटर बताई गई है. थाना बण्डा पुलिस द्वारा बीएनएस एवं 49(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 345 पाव देशी लाल मसाला सागर गोल्ड कंपनी की शराब जब्त की, जिसकी मात्रा 62.40 लीटर है। पुलिस कार्रवाई में जुझार सिंह पिता ब्रजेन्द्र सिंह लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नौराज थाना बण्डा के कब्जे से 240 पाव यानी 43.20 लीटर, दिनेश सिंह पिता गुलाब सिंह लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नौराज थाना बण्डा के कब्जे से 40 पाव यानी 7.20 लीटर, मनोहर लोधी पिता गुलजार लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नौराज थाना बण्डा के कब्जे से 30 पाव यानी 5.40 लीटर तथा राजा लोधी पिता आधार सिंह लोधी उम्र 45 वर्ष निवासी गूगरा थाना बण्डा के कब्जे से 35 पाव यानी 6.30 लीटर देशी शराब बरामद की गई। इसी प्रकार थाना विनायका पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस प्रकरण में पुलिस ने कुल 904 पाव देशी लाल मसाला सागर गोल्ड कंपनी की शराब जब्त की, जिसकी कुल मात्रा 162.72 लीटर है। कार्रवाई के दौरान चंद्रभान उर्फ चंदू पिता द्वारिका सिंह राजपूत उम्र 42 वर्ष निवासी ततरवारा के कब्जे से 820 पाव यानी 147.60 लीटर, भगवान सिंह पिता देवी सिंह लोधी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पाटन के कब्जे से 43 पाव यानी 7.74 लीटर, अरविन्द यादव पिता आशाराम यादव उम्र 44 वर्ष निवासी पाटन के कब्जे से 22 पाव यानी 3.96 लीटर तथा मानसीग पिता बिहारी अहिरवार उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम पाटन के कब्जे से 19 पाव यानी 3.42 लीटर देशी शराब बरामद की गई। थाना बण्डा एवं थाना विनायका के दोनों प्रकरणों में पुलिस द्वारा कुल 1249 पाव देशी लाल मसाला सागर गोल्ड कंपनी की शराब, जिसकी मात्रा 225.12 लीटर है, जब्त की गई है। दोनों मामलों में कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सागर पुलिस द्वारा जिले में अवैध एवं अमानक शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### मजिस्ट्रियल जांच होगी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बंडा क्षेत्र में संदिग्ध अवैध शराब के सेवन से हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं। विगत दिनों सागर जिले के शाहगढ़ तहसील के ग्राम नौराज, गूगरा खुर्द तथा बंडा तहसील के ग्राम बमूरा आदि में संदिग्ध अमानक अवैध शराब के सेवन के बाद ग्रामीणों के बीमार होने और कुछ मरीजों की मृत्यु की घटना को लेकर कलेक्टर ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने उल्टी, बेहोशी और शरीर में झटके जैसे लक्षणों की शिकायत के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा पहुंचकर उपचार कराया था। चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार किया गया, लेकिन उपचार के दौरान कुछ मरीजों की मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि मृतकों द्वारा शराब का सेवन किया गया था, जिसे अमानक/अवैध बताया गया है। मजिस्ट्रियल जांच के लिए एसडीएम जैसीनगर को जांच अधिकारी नियुक्त किया।

### शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी



**सागर.** उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बंडा क्षेत्र में अवैध, जहरीली शराब हादसे से प्रभावित गांवों का सघन दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि दुख की इस कठिन घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बंडा, शाहगढ़ तहसील के ग्राम बमूरा भेड़ा, नौराज, गूगरा खुर्द, धुरमार, चौका, हनौती एवं पापेट पहुंचकर पीड़ित तथा मृतक परिवारों के सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हृदय विदारक घटना है और प्रभावित परिवार कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए स्पष्ट किया कि शासन की ओर से नियमानुसार सभी प्रभावित परिवारों को हरसंभव राहत उपलब्ध कराई जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त शराब माफियाओं और इसमें शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। परिजनों द्वारा की गई मांग पर उन्होंने जानकारी दी कि पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अब तक 10 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और वितरण के मुख्य स्रोत तक पहुंचकर जड़ों को पूरी तरह समाप्त किया जाए, ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके। उप मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए गांवों को पूर्णतः नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे परिवार और समाज को तबाह कर देती है।

## एक नजर में



### संत रविदास कलश यात्रा को लेकर बैठक

**राहतगढ़.** रविदास महाराज की जन्म जयंती पर सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से कलश यात्रा निकलेगी। शुभारंभ ग्राम घाटमपुर से एवं समापन 10 सितंबर को ग्राम झिला में होगा. जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत ने यात्रा को व्यवस्थित बनाने के लिए जनपद पंचायत सभागृह में नगर एवं ग्रामीण मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली एवं दायित्व सौंपे। इस दौरान सुरखी विधानसभा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र पाठक, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विनोद ओसवाल, अरविंदसिंह राजपूत, नेकीराम खटीक, ऋषभ ओसवाल, प्रियंक तिवारी, सुरेंद्र रघुवंशी, संजना जैन, जहीर कुरैशी, नरेंद्र अहिरवार, रोहित अहिरवार, वृंदावन अहिरवार, अमित राय, रामशरण राय, कपिल ठाकुर, शैतान राजपूत, गोविंद चौबे, प्रदीप कुर्मी आदि मौजूद थे।



### वर्धमान शाखा ने किया शिक्षिकाओं का सम्मान

**सागर.** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मरु देवी संभाग की वर्धमान शाखा ने शिक्षक दिवस पर ज्ञान सागर पाठशाला की शिक्षकाओं एवं वर्धमान शाखा की सदस्य शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। मंगलाचरण श्रेयसी जैन एवं स्वागत गीत ईशा जैन ने प्रस्तुत किया। अध्यक्ष सारिका जैन ने शिक्षिकाओं का अभिनंदन किया। इस दौरान विद्या जैन, वर्षा जैन, मधु जैन, दीपाली, मेघा, मोनिका, आस्था, डॉ. आसमा जैन, डॉ. बसंती जैन, निशा जैन, प्रीति जैन, वैशाली जैन, कोकिला जैन, जागृति जैन, कस्तूरी शास्त्री, सुषमा जैन, रश्मि जैन,रश्मि दिवाकर,शिल्पा पंचरत्न, डॉ राजलक्ष्मी बमोरिया, कस्तूरी शास्त्री, शिवानी सिंघई, प्रीति जैन, तृप्ति जैन मौजूद थे।




### अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया पौधारोपण

**सागर.** स्वच्छ वायु दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वायु के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में ईई जितेन्द्र गुप्ता, एई संजय तिवारी, गौरव सिंह, शिवा राठौर, सिद्धार्थ तिवारी, बबलेश साहू, शुभम गुजराती उपस्थित रहे।

## टेंट डीलर वेलफेयर सोसायटी का सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**सागर 7 सितंबर. टेंट एसो. के तत्वावधान में टेंट व्यापारी संघ द्वारा फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश टेंट डीलर वेलफेयर सोसायटी का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया।**




मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि जिस प्रकार समाज के प्रत्येक वर्ग की अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं होती हैं, उसी प्रकार टेंट एवं इवेंट व्यवसायियों की भी अपनी समस्याएं हैं। टेंट एवं इवेंट व्यवसायियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हम संकल्पित हैं। सम्मेलन में टेंट के साथ-साथ लाइट, कैटरिंग, साउंड, फ्लावर, डेकोरेशन, फोटोग्राफी एवं इवेंट व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर अनिल जैन राकेश साहू, देवेंद्र देवडिया, राजेश साहू, महेश दक्ष, संतोष जैन, आरिफ खान, रविंद्र नायक, जिला अध्यक्ष दिनेश दक्ष, मनोज तिवारी पुरुषोत्तम सोनी, संतोष पटेल, राजेश कोरी, जितेंद्र पटेल, खेलन सिंह, मोहम्मद अशरफ मकरानी, भगवानदास पटेल, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, तारिक खान, सुरेश दक्ष, राजेश डब्बू साहू, अतुल केसरवानी, रिंकू गुप्ता मौजूद थे।

### ब्रेकर से टकराने से मौत

**राहतगढ़.** नगर के बस स्टैंड के नजदीक मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड की तरफ आ रही बाइक ब्रेकर पर से अनियंत्रित होती हुई दो लोगों को टक्कर मारती हुई बाइक चालक डिवाईडर से टकराकर जमीन पर जा गिरा। बाइक सवार गोविंद पिता ओमप्रकाश घोषी उम्र 28 साल निवासी ग्राम किटुआ की मौत हो गई। जबकि लड़खड़ाती आई बाईक की टक्कर से पैदल जा रहे जितेंद्र पिता भगवान दास ठाकुर उम्र 27 साल निवासी वार्ड नंबर 4 राहतगढ़ एवं अब्बास पिता अब्दुलहक़ उम्र 50 साल निवासी वार्ड नंबर 10 घायल हो गए। घटना को जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सिविल अस्पताल भेजा।

## कवि वीरेंद्र प्रधान हुए सम्मानित



नवभारत न्यूज

**सागर 7 सितंबर. कवि एवं फिल्मी गीतकार विट्ठल भाई पटेल की स्मृति में इंदौर में सांस्कृतिक और साहित्यिक अनुष्ठान संपन्न हुआ.**


इस कार्यक्रम में साहित्य के लिए सागर के कवि और साहित्य कार वीरेंद्र प्रधान को विट्ठल भाई पटेल स्मृति अलंकरण पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जस्टिस रमेश गर्ग और जस्टिस अभय गोहिल द्वारा किया गया. उपलब्धि पर पीआर मलैया, टीकाराम त्रिपाठी, शरद सिँह, चंचला दवे पेट्रिस फुसकेले, सतीश पांडेय, कविता शुक्ला, राघवेंद्र नायक ने बधाई दी।

## अवैध कच्ची शराब बेच रहे कंजर

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 7 सितंबर. जहरीली शराब से मौतों के होने के बाद जिले के शाहगढ़ थाना और छानबीला थाना क्षेत्र से अवैध कच्ची शराब की बिक्री को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जताई।** छानबीला के ग्रामीणों के अनुसार थाना क्षेत्र के एक हिस्से में अस्थाई रूप कंजर समुदाय के लोग डेरा डालकर बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बेची जा रही है, आरोप है कि इसका सेवन करने से इसमें मिले विषैले कैमिकलों से लोगों की जान भी जा सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विजय कंजर नामक व्यक्ति जो उत्तरप्रदेश के हमीरपुर क्षेत्र का रहने वाला है उसी के द्वारा अलग-अलग ग्रामों में लोगों को बसाया है, जबरन डरा धमकाकर जमीन खरीदी है और अवैध कब्जा किया और शाहगढ़ क्षेत्र में का कच्ची दारू का अवैध कारोबार कर रहा है. ग्राम अमरमऊ के ग्रामीणों के अनुसार 2020 में जब ग्राम के कुछ लोगों ने इनके खिलाफ पुलिस में आवेदन दिए तब 12 निर्दोष लोगों पर नामजद आगजनी जैसे गंभीर धाराओ पर मुकदमे लगवा दिए आज 10 लोगों कोर्ट ने बरी किया । थानों में झूठी रिपोर्ट, शिकायती आवेदन देकर विजय कंजर और उसके साथ रहने वाले सदस्य की दहशत का माहौल इस प्रकार बनाया है कि कोई कुछ कहने के लिए तैयार नहीं। ग्रामीणों के अनुसार वन्य प्राणी का शिकार करना भी इनका कार्य है हालांकि शाहगढ़ वन विभाग द्वारा इनपर कुछ माह पहले वन्य अधिनियम के तहत कारवाही की थी। हीरापुर के ग्रामीणों के अनुसार कई बार शिकायती आवेदन देकर इन लोगों को हटाने का प्रयास किया गया परंतु कोई फर्क नही पड़ा है। थाना प्रभारी संदीप खरे के अनुसार समय-समय पर इनपर शाहगढ़ थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाती है, कच्ची शराब और भट्टी भी कई बार नष्ट की गई है और अपराध भी पंजीबद्ध किए जा चुके है।



### डॉ. शांभवी की प्रस्तुति

**सागर.** श्रीकृष्ण पाथेय न्यास मप्र शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कथक रत्न डॉ शांभवी शुक्ला मिश्रा एवं दल द्वारा कृष्ण सुदामा मैत्री प्रसंग पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति शहडोल ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुई। इस नृत्य नाटिका में बनारस घराने के गायक बृजेश मिश्र के गायन और सुमधुर संगीत निर्देशन ने कवि नरोत्तम दास एवं सूरदास की रचनाओं को जीवंत कर दिया। कृष्ण के पात्र को कथक रत्न डॉ. शांभवी ने, रानी रुकमणी एवं एवं कालिया नाग को वंदिता ने, सुदामा के पात्र को अदिति ने, सूत्रधार तथा संतरी के पात्र को ऋषभ शुक्ला ने डॉ कविता ने बखूबी निभाया।

## दीन की बातों के साथ गूंजा भाईचारे का संदेश

### दो दिन चला धार्मिक आयोजन, आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे समाजजन

नवभारत न्यूज

**सागर 7 सितंबर. मोतीनगर लहदरा नाका स्थित पुरानी ईदगाह परिसर में मुस्लिम समाज का दो दिवसीय सालाना जोड़ सम्पन्न हुआ।**

दो दिन चले इस धार्मिक आयोजन में सागर शहर के अलावा आसपास के गांवों से समाजजन शामिल हुए। दो दिनों तक ईदगाह परिसर में धार्मिक तकरीरों का दौर चलता रहा। आयोजन में हजारों लोगों की सहभागिता रही। सालाना जोड़ में बाहर से आए धर्मगुरुओं और उलेमाओं ने समाजजनों को धार्मिक तकरीरें दीं। तकरीरों में ईमान को मजबूत रखने, सच्चाई और नेक रास्ते पर चलने तथा अच्छे आचरण के साथ जीवन जीने की सीख दी गई। वक्ताओं ने आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत को मजबूत करने पर जोर दिया। समाजजनों से धार्मिक शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने और अपने व्यवहार से समाज में अच्छा संदेश देने की बात कही गई।

आयोजन को लेकर कई समाजजन निर्धारित समय से पहले ही ईदगाह परिसर पहुंचने लगे थे। बाहर से आने वाले समाजजनों के ठहरने के लिए परिसर में टेंट की व्यवस्था की गई थी। दो दिन तक चलने वाले आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। सालाना जोड़ को व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए तंजीम कमेटी की ओर से करीब 150 से 200 वालंटियर लगाए गए थे। वालंटियरों ने आयोजन स्थल पर व्यवस्था बनाए रखने के साथ लोगों के आने-जाने और यातायात व्यवस्था में सहयोग किया। भीड़ के बीच किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए वालंटियर लगातार अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। सालाना जोड़ के दौरान धार्मिक वातावरण और अनुशासन बनाए रखने के लिए आयोजन स्थल पर कुछ प्रतिबंध भी रखे गए थे। वक्ताओं ने जीवन में अच्छे कार्यों को अपनाने, एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आने तथा समाज में आपसी एकता बनाए रखने का संदेश दिया। धार्मिक शिक्षाओं के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी ध्यान देने की बात कही गई. सालाना जोड़ में केवल सागर शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों से भी समाजजन पहुंचे। कमेटी की ओर से पहले से ही बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया गया था, इसी को ध्यान में रखते हुए ठहरने, स्वच्छता, यातायात और स्वयंसेवकों की व्यवस्था की गई थी।

## कृष्ण रूप सज्जा में सजीं द्वापर युग की झांकियां

नवभारत न्यूज

**बीना 7 सितंबर. सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कृष्ण प्राकट्योत्सव पर कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का हुआ।**



नर्सरी से द्वितीय तक के भैया-बहिन कृष्ण एवं राधा के स्वरूप में पहुंचे।कार्यक्रम में क्षीरसागर में विष्णु-लक्ष्मी शयन, जगन्नाथ स्वामी, बलदाऊ एवं सुभद्रा, मधुवन, कारागृह में कृष्ण जन्म तथा नंदबाबा द्वारा यमुना पार ले जाने की मनोहारी झांकियां सजाई गई। प्राथमिक एवं माध्यमिक के बच्चों ने गीत, भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सीएमओ राहुल कौरव ने कहा कि कृष्ण का जीवन त्याग, संघर्ष और सकारात्मकता का संदेश देता है। विपरीत परिस्थितियों में भी वे प्रसन्न रहे और समाज को कर्तव्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि भारती राय ने कहा कि झांकियों से द्वापर युग की झलक देखने को मिली। दीपक प्रपन्नाचार्य ने कहा कि गीता के माध्यम से कृष्ण ने जीवन की समस्याओं का समाधान बताया। कार्यक्रम में अनंत अग्रवाल, उमेश पटेल, महेश अग्रवाल, विनोद अग्निहोत्री, विनोद श्रीवास्तव, सचिन कटारे,सत्यनारायण कटारे, दीपक भट्ट, सुनील मुड़ोतिया, सुनील प्रजापति मौजूद थे।

## पुलिस के दावे को भ्रामक बताया

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 7 सितंबर. बंडा थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत के मामले में ललितपुर का नाम सामने आने को लेकर ललितपुर पुलिस ने स्पष्टीकरण जारी किया है।**

एएसपी कालू सिंह ने कहा कि सागर पुलिस की ओर से मीडिया में इस प्रकरण का संबंध ललितपुर से बताए जाने को लेकर भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ललितपुर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम पहले ही अवैध शराब से जुड़े एक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। एएसपी ललितपुर पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब से जुड़े गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके सरगना छतरपुर अंतर्गत थाना ओरछा रोड ग्राम महेबा निवासी रवि लखेरा, थाना मालथौन के ग्राम अंडेला निवासी चन्द्रेश लोधी सहित पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी प्रचलित बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी रवि लखेरा के मप्र में शराब के ठेके के लाइसेंस हैं और खिलाफ में शराब से संबंधित आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

### बिलोनी एवं गोद भराई

**सागर.** संतभवन में विराजमान मुनिश्री शाश्वत सागर महाराज, मुनिश्री नमि सागर महाराज, मुनिश्री अभय सागर महाराज त्रय मुनिराज के ससंघ सानिध्य मे अरविन्द शास्त्री और वीरेंद्र जैन की गोद भराई संपन्न हुई। राजेश जैन शिक्षक ने बताया की पंडित अरविन्द और ब्र.वीरेंद्र जैन दोनों की जैनेशवरी दीक्षा उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज के कर कमलों से 25 अक्टूबर रविवार को भूलेश्वर मुंबई मे होना है, दीक्षा के पूर्व आयोजित बिलोनी और गोद भराई के इस कार्यक्रम में उपस्थित रह कर इसे अपने आँखों के सामने होता देख पाना बहुत सौभाग्य की बात है।